# सांसों का क्या पता सांवरे सांसे कब तक मेरे साथ है लिरिक्स

सांसों का क्या पता सांवरे,
सांसे कब तक मेरे साथ है,
थामे रखना मेरी डोर को,
मेरा जीवन तेरे हाथ है।bd।

तर्ज – जिंदगी प्यार का गीत।

---

पाप भूले से होना कभी,
बैर मन में ना आए मेरे,
अवगुणों का भरा सांवरे,
आ गया हूं मैं दर पे तेरे,
भाग्य मेरा सवारोंगे तुम,
तेरी कृपा पे विश्वास है,
सांसों का क्या पता साँवरे
सांसे कब तक मेरे साथ है।bd।

---

तेरे दर का भिखारी हूँ मैं,
मांगता हूँ तुम्हीं से सदा,
होठों पर बस तेरा नाम हो,
जब भी हो प्राण तन से जुदा,
तेरे चरणों में गुजरे प्रभु,
वक्त जितना मेरे पास है,
सांसों का क्या पता साँवरे
सांसे कब तक मेरे साथ है।bd।

---

नाम दौलती ये रुतबा मेरे,
साथ कुछ भी नहीं जाएगा
गायेगा जब कोई ये भजन,
याद ‘कुक्की’ बहुत आएगा,
तुमसे कुछ ना छुपा सांवरे,
जैसे भी मेरे हालात हैं,
सांसों का क्या पता साँवरे
सांसे कब तक मेरे साथ है।bd।

---

सांसों का क्या पता सांवरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सांसे कब तक मेरे साथ है,
थामे रखना मेरी डोर को,
मेरा जीवन तेरे हाथ है।bd।

**Singer & Lyrics – Kukki Arora**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com